दूर करना

*168. श्री पवन कुमार जयसवाल—क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मोतिहारी जिला मुख्यालय जाने वाले मार्ग पर वाहनों द्वारा लिये जाने वाले भाड़े की दर कहीं भी प्रदर्शित नहीं की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भाड़ा प्रदर्शित नहीं रहने के कारण यात्रियों को मनमाना भाड़ा देने के लिए मजबूर होना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क मार्गों/सार्वजनिक स्थलों पर निर्धारित भाड़ों को प्रदर्शित कराकर यात्रियों की असुविधा दूर करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

छात्रावास का निर्माण

*169. श्री (मो0) आफाक आलम—क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जन–जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के मलहरिया पंचायत, जलालगढ़ प्रखंड के बेगमपुर पंचायत में अनुसूचित जाति का छात्रावास नहीं है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त पंचायतों में अनुसूचित जाति का छात्रावास का निर्माण करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जीर्णोद्धार करना

*170. श्री अरुण कुमार सिन्हा—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र में दिनांक 11 अक्टूबर, 2012 को प्रकाशित शीर्षक "दलित छात्रावासों में डेढ़ दशक से नहीं है अधीक्षक" को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जन–जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला में अवस्थित नौ दलित छात्रावासों में पिछले डेढ़ दशक से अधीक्षकों का पद रिक्त है साथ ही मरम्मत के अभाव में भवन जर्जर हो गये हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पटना जिला के सभी दलित छात्रावासों में अधीक्षक की प्रतिनियुक्ति तथा इनके भवनों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*171. श्री संजय सरावगी—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत सदर प्रखंड में मध्य विद्यालय सोनहान, मध्य विद्यालय रानीपुर एवं मध्य विद्यालय, कंशी, उच्च विद्यालय में उत्क्रमित होने की सभी मानकों को पूरा करती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त तीनों पंचायतों में कोई भी उच्च विद्यालय नहीं है एवं जी0पी0एस0 के द्वारा स्कूल मैपिंग का भी कार्य वर्ष 2011–12 में हो चुका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त तीनों मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*172. श्रीमती (प्रो0) उषा सिन्हा—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग (मा0 शि0), यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत करायपरशुराम प्रखंड में मकदूमपुर गाँव सुदुर देहात में स्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वहाँ से निकटतम उच्च विद्यालय दीरी पर की दूरी 7 कि0मी0, उच्च विद्यालय मकरौता की दूरी 8 कि0मी0 तथा उ0वि0 कराय की दूरी 12 कि0मी0 है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मकदूमपुर गाँव में उच्च विद्यालय खोलने अथवा उत्क्रमित मध्य विद्यालय मकदूमपुर को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*173. श्री (डॉ0) जावेद इकबाल अंसारी—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि श्रीमती प्रतिमा वर्ष 2004 से 2006 तक मुजफ्फरपुर जिला के मुरौली प्रखंड में सी0डी0पी0ओ0 के पद पर पदस्थापित थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि तत्कालीन जिला पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर ने उक्त सी0डी0पी0ओ0 के द्वारा वित्तीय अनियमितता एवं कार्यों के प्रति लापरवाही के आरोप में उनके विरुद्ध प्रपत्र "क" गठित कर विभाग से कार्यवाही करने की अनुशंसा की है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त सी0डी0पी0ओ0 पर कार्यवाही के बजाए उन्हें जिला प्रोग्राम पदाधिकारी के पद पर प्रोन्नति दी गई और उन्हें बांका जिला में पदस्थापित किया गया ;

(4) क्या यह बात सही है कि तत्कालीन जिला पदाधिकारी बांका ने भी वित्तीय अनियमितता एवं डी0डी0सी0 का फर्जी हस्ताक्षर करने के आरोप में उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए अनुशासनिक कार्यवाही हेतु प्रपत्र "क" गठित कर पत्रांक 291, दिनांक 14 मार्च, 2011 को विभाग को भेज दिया है ;

(5) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त सी0डी0पी0ओ0 के विरुद्ध अभीतक किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं करने का क्या औचित्य है तथा क्या सरकार उनके विरुद्ध कार्यवाही करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

साईकिल वितरण करना

*174. श्रीमती गुड्डी देवी—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग (मा0 शि0), यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत नानपुर प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय बतरा में वित्तीय वर्ष 2011–12 का मुख्य मंत्री साईकिल योजना अन्तर्गत साईकिल का वितरण आजतक नहीं किया गया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विद्यालय में साईकिल वितरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

महाविद्यालय खोलना

*175. श्री श्यामदेव पासवान—क्या मंत्री, शिक्षा (उ0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के फतेहपुर प्रखंड में महाविद्यालय नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि छात्र–छात्राओं खासकर छात्राओं एवं महादलित के बच्चों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने में असुविधा होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार फतेहपुर प्रखंड में एक महाविद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उच्च विद्यालय खोलना

* 176. श्रीमती देवंती यादव—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के भरगामा प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय कुशमौल के चारों तरफ आठ कि0मी0 की दूरी पर उच्च विद्यालय है ;

(2) क्या यह बात सही है कि म0 वि0 कुशमौल उच्च विद्यालय में उत्क्रमित होने की सारी शर्तों को पूरा करता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार म0 वि0 कुशमौल को उत्क्रमित कर उच्च विद्यालय बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्यालय चलाना

* 177. श्री (डॉ0) अब्दुल गफूर—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत महिषी प्रखंड के कुन्दहा पंचायत के कौरव मुस्लिम टोला में वर्ष 2006 में नवसृजित प्राथमिक विद्यालय का स्थापना किया गया, परन्तु यह विद्यालय उक्त स्थान पर नहीं चलाया जा रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार नवसृजित विद्यालय को कौरव मुस्लिम टोला में चलाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रारंभ कराना

* 178. श्री दिनेश कुमार सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अन्तर्गत जगदीशपुर प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय, हरिगाँव का नया भवन वर्ष 2010 में बनकर तैयार है, लेकिन उक्त भवन में आजतक शिक्षण कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त भवन में शिक्षण कार्य प्रारम्भ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्राथमिक विद्यालय खोलना

* 179. श्रीमती गुलजार देवी—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अन्तर्गत घोघरडीहा प्रखंड स्थित विसनपुर पंचायत मुख्यालय के विसनपुर गाँव में प्राथमिक विद्यालय की स्थापना नहीं की गई है, जिसके कारण उस गाँव के बच्चे प्राथमिक शिक्षा से वंचित हो रहे हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त गाँव में प्राथमिक विद्यालय की स्थापना करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सुविधा बहाल कराना

* 180. श्रीमती लेशी सिंह—क्या मंत्री, मंत्री परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णयाँ जिला के धमदाहा अनुमण्डल मुख्यालय से यात्रियों को पटना जाने के लिए पूर्णियाँ से सरकारी बस मिलती है, जिससे उन्हें 60 कि0मी0 की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार धमदाहा अनुमण्डल मुख्यालय से भाया रूपौली कुरसेला होते हुए पटना जाने के लिए सरकारी बस सुविधा बहाल कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

* 181. श्री रत्नेश सादा—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखंड के काशनगर उच्च विद्यालय का अपना भवन है, जिसमें छात्र–छात्राओं का पठन–पाठन का कार्य चल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय का चहारदीवारी नहीं रहने के कारण विद्यालय के कैम्पस में वाह्य व्यक्तियों एवं जानवरों का जमावड़ा लगा रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में उक्त विद्यालय का चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

* 182. श्री विक्रम कुँवर—हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 28 अक्टूबर, 2012 को प्रकाशित "एक ही एजेंसी ने मुहैया करायी किट" शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत एक ही एजेंसी के द्वारा विभिन्न विद्यालयों में मुहैया किए जाने वाले साईंस किट, मैथ किट एवं मैथेमेटिक्स किट की खरीदारी में 3.75 करोड़ का घपला सामने आया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य ने वर्ष 2010 में इसकी जाँच कराने हेतु जिलाधिकारी सीवान को आवेदन दिया था ;

(3) क्या यह बात सही है कि जिलाधिकारी, सीवान ने इसकी जाँच की जो सही पाया गया, इसके बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच निगरानी विभाग से कराकर दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करना चाहती है ?

---

निर्माण करना

* 183. श्री रामधनी सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के कोचस प्रखण्ड के 10+2 में उत्क्रमित उच्च विद्यालय कोचस, सोनामति मंगरू उच्च विद्यालय चितावें एवं के0बी0 उच्च विद्यालय कपसियाँ में भवन बनाने का कार्य वर्ष 2008 से प्रारम्भ हुआ था एवं वर्ष 2011 तक पूरा होना था ;

(2) क्या यह बात सही है अक्टूबर, 2012 तक उक्त विद्यालय के भवन का काम पूरा नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों का भवन निर्माण पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

* 184. श्री मनोहर प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत दोगच्छी आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या 62 भवनहीन है, यदि हाँ,तो सरकार कबतक उक्त केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्टेडियम का निर्माण

*185. श्री जनार्दन मांझी—क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत अमरपुर विधान–सभा क्षेत्र के अमरपुर प्रखंड के उच्च विद्यालय मढ़िया नाथ में खेल का मैदान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मैदान में स्टेडियम का निर्माण नहीं होने के कारण युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका नहीं मिलता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मैदान में स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*186. श्रीमती सुनीता सिंह—क्या मंत्री, सामाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत बेलसंड विधान–सभा क्षेत्र के जाफरपुर पंचायत के वार्ड संख्या 4 में दो वर्ष पूर्व आंगनबाड़ी केन्द्र के भवन निर्माण हेतु राशि आवंटित हुई थी, लेकिन उक्त आवंटित राशि का खर्च दूसरे मद में कर देने के कारण आजतक आँगनबाड़ी केन्द्र के भवन का निर्माण नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त केन्द्र के भवन निर्माण कराने एवं इसके लिए दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

---

छात्रवृत्ति का वितरण

*187. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत परबत्ता प्रखंड के हरिवंश नारायण उच्च विद्यालय, बन्देरा में वर्ष 2008–09 में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण छात्राओं की छात्रवृत्ति का वितरण नहीं किया गया है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए छात्रवृत्ति वितरण का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

दुकान हटाना

*188. श्री राजेश सिंह—क्या मंत्री, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत बाल्मीकिनगर के बौसीधाम मेला के मंदिर के बगल में शराब की दुकान चल रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्कूल, कॉलेज, मंदिर, मस्जिद के 01 कि०मी० के दायरे में शराब की दुकान खोलने का सरकार का प्रावधान नहीं है ;

(3) क्या यह बात सही है कि बौसीधाम रामघाट पर कार्तिक पूर्णियां के उपलक्ष्य में दो सौ वर्ष से अधिक से धार्मिक मेला लगता है, जबकि उक्त शराब की दुकान 01 कि०मी० के दायरे में है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या बौसीधाम मेला के बगल की शराब की दुकान को मेला स्थल से हटाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*189. श्री छेदी पासवान—क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि जिला रोहतास के कैमूर पहाड़ी पर गुप्ता धाम और बगल में शेरगढ़ किला अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि साल में हर 15 दिनों के बाद बड़ा मेला लगता है, और मेले में बिहार के अधिकतर जिलों तथा अन्य राज्यों से भी लाखों की संख्या में लोग आया करते हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि यातायात की सुविधा नहीं रहने के कारण यात्रियों एवं ग्राम औरईया, भुडकुडा, ओरदगा के ग्रामीणों के साथ बाहर से आये हुए शिव भक्तों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पनारी घाट से गुप्ताधाम और शेरगढ़ किला होते हुए पचौरा और उगहनी तक सड़क बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*190. श्री (डॉ०) इजहार अहमद—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में निदेशक, माध्यमिक शिक्षा ने कहा है कि राज्य के 534 प्रखण्डों में एक–एक तीन मंजिला हाई स्कूल का निर्माण कराया जायेगा, जिसके लिए नये भवन का नक्शा स्वीकृत हो चुका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि केन्द्र सरकार द्वारा 75 प्रतिशत एवं राज्य सरकार द्वारा 25 प्रतिशत राशि देनी है ;

(3) क्या यह बात सही है कि केन्द्र सरकार ने 156 करोड़ रुपये राज्य सरकार को जनवरी, 2012 में उपलब्ध भी करा दिया है, परन्तु आजतक राज्य में एक भी मॉडल हाई स्कूल का कार्यारम्भ नहीं किया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो इसका क्या औचित्य है तथा इस संबंध में सरकार कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*191. श्री मंजीत कुमार सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना उच्च न्यायालय ने सी०डब्लू०जे०सी० नं० 16779 / 2009 में दिनांक 10 दिसम्बर, 2011 को गोपालगंज जिलान्तर्गत बरौली प्रखंड के ग्राम सदौवा में नवसृजित प्राथमिक विद्यालय का स्थल चयन हेतु जिला परिषद्, गोपालगंज को अंतिम रूप से निर्णय का आदेश दिया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि दिनांक 10 मार्च, 2012 को जिला परिषद् की बैठक में गठित जाँच समिति द्वारा सदौवा पाण्डेय टोला में जमीन के खाता सं० 342, खेसरा 1089, रकवा 5 कट्ठा को स्थल उपयुक्त मानते हुये विद्यालय स्थल चयनित किया गया था ;

(3) क्या यह बात सही है कि जिला परिषद् में पारित सर्वसम्मती प्रस्ताव का अनुपालन हेतु उप–विकास आयुक्त–सह–कार्यपालक पदाधिकारी, गोपालगंज ने अपने पत्रांक 306, दिनाक 11 जून, 2012 द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी, गोपालगंज को सदौवा के पाण्डेय टोला में विद्यालय संचालित हेतु निदेश दिया था ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अबतक जिला परिषद् के निर्णय के आलोक में पाण्डेय टोला में विद्यालय संचालित नहीं कराने के दोषी पदाधिकारी पर कौन–सी कार्रवाई करना चाहती है ?

---

जीर्णोद्धार करना

*192. श्रीमती देवंती यादव—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के नरपतगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित बालिका उच्च विद्यालय (10+2) का भवन की स्थिति जर्जर है, जिससे कभी भी अप्रिय घटना घटने की आशंका व्याप्त रहती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*193. श्री संजय सिंह (टाइगर)—क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत सकड़ी–संदेश पथ, कोईलवर–चाँदी–धरहरा पथ, संदेश–पवना–आरा पथ सहित जिले की अन्य पथों की हालत ओवरलोडिंग के साथ बड़ी गाड़ियों के आवागमन के कारण जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि परिवहन विभाग के पदाधिकारियों एवं पुलिस के मिलीभगत से ओवरलोडिंग गाड़ियों का परिचालन आबाध जारी है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उपरोक्त पथों की सुरक्षा हेतु कौन–सी कार्रवाई करना चाहती है ?

---

उत्क्रमित करना

*194. श्री प्रदीप कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत काशीचक प्रखंड के मध्य विद्यालय, सुभानपुर तथा मध्य विद्यालय, बिरनामा के (5) पाँच कि०मी० की परिधि में उच्च विद्यालय नहीं है जिसके कारण उक्त विद्यालय के छात्र–छात्राओं को 8–10 कि०मी० दूरी तय कर उच्च विद्यालय, चण्डीनावां जाना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार मध्य विद्यालय, बिरनामा तथा मध्य विद्यालय, सुभानपुर को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पोशाक राशि का वितरण

*195. श्री सतीश कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2012–13 के लिए राज्य के प्राथमिक मध्य विद्यालयों में अध्ययनरत वर्ग–1 एवं 2 के छात्र–छात्राओं को पोशाक की राशि बैंक खाते के माध्यम से एवं वर्ग 3 से वर्ग–8 तक के छात्र–छात्राओं को पोशाक की राशि विद्यालय में ही नगद उपलब्ध कराने का निर्देश जारी किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ग–1 एवं 2 में अध्ययनरत कम उम्र के छात्र–छात्राओं के नाम बैंक में बचत खाता नहीं खुलने के कारण अभीतक एक प्रतिशत राशि का भी वितरण नहीं किया जा सका है ;

(3) यदि उपुर्यक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्ग–3 से वर्ग–8 तक के बच्चे–बच्चियों की तरह वर्ग–1 एवं 2 के बच्चे–बच्चियों को भी पोशाक की राशि नगद रूप में उपलब्ध कराने का विचार रखती है ?

---

पठन–पाठन बहाल करना

*196. श्री अरूण शंकर प्रसाद—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बासोपट्टी प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, महिनाथपुर में वर्ष 2005 में दो कमरे का भवन निर्माण 6,00,000 की लागत से प्रारम्भ हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि लींटर तक कार्य होने के बाद भवन अधूरा पड़ा हुआ है, जबकि उक्त

विद्यालय में 650 छात्र नामांकित हैं तथा भवन के अभाव में पठन–पाठन बाधित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक अधूरे भवन का निर्माण कार्य पूरा कराकर पठन–पाठन बहाल करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*197. श्री कौशल यादव—क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत मंझवे पहाड़ में एकलव्य कंस्ट्रक्शन कम्पनी तथा अन्य पत्थर माफियाओं द्वारा कई एकड़ भू–खंडों में विभागीय पदाधिकारियों की मिलीभगत से अवैध उत्खनन् की जा रही है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त मामले की जाँच करवाकर दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है ; यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्यालय खोलना

*198. श्री अमरेन्द्र कुमार पांडेय—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के कुचायकोट, पंचदेवरी प्रखंडान्तर्गत एक भी इण्टरमीडिएट कॉलेज तथा कन्या उच्च विद्यालय नहीं है, जिससे लड़कियों के पठन–पाठन में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार लड़कियों के लिए उक्त कॉलेज तथा विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्यालय खोलना

*199. श्री (डॉ०) कृष्णनंदन यादव—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के अतरी विधान–सभा क्षेत्र के नीमचक एवं मोहड़ा प्रखंड में एक भी कन्या उच्च विद्यालय नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कन्या उच्च विद्यालय नहीं होने से बालिका में शैक्षणिक दर कम है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नीमचक एवं मोहड़ा प्रखंड में कन्या उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सजा दिलाना

*200. श्री सुबोध राय—स्थानीय दैनिक समाचार–पत्र में दिनांक 25 सितम्बर, 2012 को प्रकाशित शीर्षक "महादलित का शव चिता से फेंका" के अलोक में क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के गया जिले के टिकारी के बलवा गाँव में दबंगों ने अनुसूचित जाति का शव चिता से उठाकर फेंक दिया था ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार दोषी व्यक्तियों को सजा दिलाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विकसित करना

*201. श्री संजय सिंह टाईगर—क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला मुख्यालय, बक्सर शहर, रामायण सर्किट में शामिल है और उस दृष्टि से इस स्थान का विकास ऐतिहासिक तथ्यों के आलोक में करने हेतु सरकार कृत संकल्प है ;

(2) क्या यह बात सही है कि श्री रामभक्त हनुमान का ननिहाल बक्सर में है, महर्षि विश्वामित्र के आश्रम में भगवान राम ने शिक्षा ग्रहण किया था तथा बक्सर में ही ताड़का राक्षसी का बध किया था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बक्सर को उक्त रामायण के ऐतिहासिक तथ्यों के आलोक में पौराणिक राष्ट्रीय स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नही, तो क्यों ?

---

निर्माण कराना

*202. श्री सदानंद सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सन्हौला प्रखंड अंतर्गत श्री चण्डिका मिश्री लाल कृष्ण प्रसाद उच्च विद्यालय अरार–घुआवै, राष्ट्रीय उच्च विद्यालय सनोखर हाट तथा उच्च विद्यालय ताड़र को वित्तीय वर्ष 2010–11 में प्रत्येक विद्यालय को भवन निर्माण हेतु 26–26 लाख रु0 आवंटित किये गये हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि श्री चण्डिका मिश्री लाल कृष्ण प्रसाद उच्च विद्यालय अरार घुआवै में वित्तीय वर्ष 2011–12 में 10 लाख रुपये का अधूरा भवन निर्माण कराया गया है तथा शेष विद्यालयों का काम शुरू नहीं कर उक्त राशि विभाग को लौटा दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के अधूरे भवन का निर्माण एवं शेष विद्यालय भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

व्यवस्था करना

*203. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला में हाई स्कूल केसरिया, हुसैनी, सरोतर, वैरिया, मंगलापुर, भवानीपुर, संग्रामपुर इत्यादि का भवन जर्जर है एवं छात्रों के अनुपात में शिक्षक एवं उपस्कर की कमी है, जिससे छात्र–छात्राओं को कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित विद्यालयों में छात्रों के अनुपात में भवन एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का व्यवस्था करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

छात्रावास का निर्माण

*204. श्री जनक सिंह—क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जन–जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत तरैया, इसुआपुर एवं पानापुर प्रखंडों के अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए छात्रावास नहीं है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार तरैया, इसुआपुर एवं पानापुर प्रखंड में अनुसूचित जाति के छात्रों हेतु छात्रावास बनवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्टेडियम का निर्माण

*205. श्री विजय कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत लखीसराय प्रखंड के बालगुदर उच्च विद्यालय के पास स्टेडियम निर्माण हेतु पर्याप्त सरकारी जमीन उपलब्ध है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में स्टेडियम निर्माण का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*206. श्री अमरेन्द्र कुमार पांडेय—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के 200 प्राथमिक विद्यालय विगत एक वर्ष से भवनहीन है, जिसके कारण वहाँ पर नामांकित बच्चे खुले आसमान के नीचे पठन–पाठन करने पर विवश हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कबतक उक्त विद्यालयों में भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चहारदीवारी का निर्माण

*207. श्रीमती (डॉ०) उषा विद्यार्थी—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पालीगंज प्रखंड में लड़कियों के लिए एक मात्र प्रोजेक्ट विद्यालय है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रोजेक्ट विद्यालय का भवन काफी जर्जर है एवं चहारदीवारी नहीं है ;

(3) यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का भवन एवं चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कराना

*208. श्री सबा जफर—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत अमौर प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय बागडर को वर्ष 2011 में ही उत्क्रमित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में भवन नहीं रहने के कारण छात्र–छात्राओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

* 209. श्री अवनीश कुमार सिंह—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि 60,000 रुपये वार्षिक आय वाले परिवार की कन्या की शादी के अवसर पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 5000/– रुपये का चेक/डी0डी0 वर्ष 2007 से दिया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त योजना के तहत मात्र निबंधित शादी के उपरांत ही सहायता राशि दिये जाने का प्रावधान है ;

(3) क्या यह बात सही है कि विभागीय प्रतिवेदन वर्ष 2011–12 में 1,27,445 कन्याओं को इसका लाभ दिया गया दर्शाया गया है, जबकि मात्र 41500 विवाह ही 2011–12 में निबंधित हुए हैं ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस अनियमितता की जाँच कराकर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रमाण–पत्र देना

* 210. श्री सुबोध राय—स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 25 जुलाई, 2012 को प्रकाशित शीर्षक "16 लाख विकलांगों को प्रमाण–पत्र नहीं" के आलोक में क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में 23,55,459 विकलांग हैं, जिसमें 7,46,017 के पास विकलांगता प्रमाण–पत्र है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विकलांगता प्रमाण–पत्र के बिना न तो पेंशन मिलती है और नही सरकारी योजनाओं का लाभ मिलता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिना प्रमाण–पत्र वाले विकलांगों को प्रमाण–पत्र देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक ?

---

निर्माण करना

* 211. श्री (डॉ0) अरूण कुमार—क्या मंत्री, निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल में निबंधन कार्यालय को अपना भवन नहीं है, जिससे निबंधन कार्य में काफी परेशानी होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि निबंधन कार्यालय हेतु भूमि उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अनुमंडल में निबंधन कार्यालय भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

राशि आवंटित करना

* 212. श्री दिमाष चन्द्र चौधरी—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत बरारी प्रखंड के जागेश्वर उच्च विद्यालय, गुरूबाजार में इन्टर की पढ़ाई प्रारम्भ हो गयी है, लेकिन भवन निर्माण नहीं होने के कारण विद्यार्थियों को काफी असुविधा होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में भवन निर्माण हेतु राशि आवंटन देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्टेडियम का निर्माण

* 213. श्रीमती (डॉ0) उषा विद्यार्थी—क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिले के पालीगंज अनुमंडल में खेल के विकास हेतु समुचित व्यवस्था नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पालीगंज अनुमंडल अन्तर्गत हबसापुर गाँव में स्टेडियम निर्माण करने लायक सरकारी जमीन उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर स्टेडियम निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्यालय हटाना

* 214. श्री विजय कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय नगर परिषद अन्तर्गत श्री दुर्गा बालक उच्च विद्यालय में वर्षों से केन्द्रीय विद्यालय चलाया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि केन्द्रीय विद्यालय का अपना भवन निर्माण हो चुका है, और दुर्गा बालक विद्यालय में चलने से यहाँ के छात्रों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय से केन्द्रीय विद्यालय को हटाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नही, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

* 215. श्री वीरेन्द्र सिंह—क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के मानपुर प्रखंड में विभागीय पदा0 के मिलीभगत से क्रेशर का लाइसेन्स एवं पहाड़ का लीज समाप्त होने के बाद भी उत्खनन् का कार्य किया जा रहा है, जिससे प्राकृतिक धरोहर समाप्त होने के साथ राजस्व की हानि हो रही है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार क्रेशर एवं लाइसेन्स का लीज समाप्त होने के बाद अवैध उत्खनन् रोकने तथा इसके लिए दोषी पदा0 पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

प्राथमिक विद्यालय खोलना

* 216. श्री रामधनी सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के करगहर प्रखण्ड के तलियाँ ग्राम में प्राथमिक विद्यालय नही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि तलियाँ ग्राम की आबादी 600 है ;

(3) क्या यह बात सही है कि तलियाँ ग्राम के बच्चे नहर को पार कर भावाडीह 3 कि0मी0 तथा अख्तीयारपुर 3.5 कि0मी0 पढ़ने जाते हैं ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक ?

उत्क्रमित करना

*217. श्री (डॉ०) फैयाज अहमद––क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के रहिका प्रखंडान्तर्गत मध्य विद्यालय, मलंगिया उच्च विद्यालय में उत्क्रमण हेतु सारी अर्हता पूरी करती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मलंगिया के छात्र–छात्राओं को 9वीं एवं 10वीं की शिक्षा प्राप्त करने हेतु 08 कि०मी० दूर मधुबनी एवं रैयाम जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*218. श्री अशोक कुमार––क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत वारिसनगर विधान–सभा क्षेत्र में बूढ़ी गंडक नदी के बाएं तटबन्ध के किनारे बसे सोभन ग्राम के पास नदी की तरफ से गैर–कानूनी ढंग से बालू की खुदाई कराई जा रही है, जिससे तटबन्ध को खतरा होता जा रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में इन इलाकों से बालू की खुदाई पर रोक लगाते हुए ऐसे गैर–कानूनी कार्य में संलिप्त असामाजिक तत्वों पर कठोर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्टेडियम का निर्माण

*219. श्री प्रदीप कुमार––क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीबरावां प्रखंड के इंटर विद्यालय पकरीबरावां में इंडोर स्टेडियम नहीं है, जिसके कारण खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में काफी परेशानी होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इंटर विद्यालय पकरीबरावां के खेल के मैदान में इन्डोर स्टेडियम का निर्माण करवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*220. श्री संतोष कुमार निराला––क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत राजपुर प्रखंड के हेटुआ, कटेरिया, चौसा प्रखंड के चुन्नी, पवनी, इटारी प्रखंड के हरपुर जलवासी, पसहरा लख एवं डुमरॉव प्रखंड के अदफा, मठिला ग्राम में उच्च विद्यालय नहीं रहने से वहाँ के छात्रों को लगभग 10–15 कि०मी० की दूरी तय कर उच्च विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त ग्रामों के मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

छात्रावास का निर्माण

*221. श्री रमेश ऋषिदेव—क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जन–जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत सिंहेश्वर प्रखण्ड महादलित बहुल्य है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखण्ड में अनुसूचित छात्र हेतु अनुसूचित आवासीय छात्रावास नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड में अनुसूचित आवासीय छात्रावास का निर्माण करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पारिश्रमिक देना

*222. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि विद्यालयों में मध्याह्न भोजन बनाने हेतु प्रत्येक मध्य एवं प्राथमिक विद्यालय में दो–दो महिला 1000 (एक हजार) रुपये मासिक पारिश्रमिक पर कार्यरत है ;

(2) यदि उक्त खंड का उत्तर सही है, तो राज्य में भोजन बनाने वाले व्यक्ति को सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी से कम पारिश्रमिक देने का क्या औचित्य है ?

---

यातायात की सुविधा

*223. श्रीमती पूनम देवी यादव—क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राईट्स लि० द्वारा बिहार की चार नदियों यथा कोशी, गंगा, सोन एवं गंडक का जल परिवहन हेतु वर्ष 2011 में सर्वेक्षण किया गया, जिसमें 115 लाख रुपये खर्च किए गए हैं, यदि हां, तो क्या सरकार कोशी सहित अन्य तीन नदियों में जलमार्ग के माध्यम से यातायात की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

---

योजना का लाभ देना

*224. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत नगर निगम वार्ड सं० 15 ग्राम इटवा पिपरा की चमचम कुमारी, पिता रामचन्द्र साव की 25 जुलाई, 2011 प्रियंका कुमारी, पिता राम बहादुर साव की 28 जून, 2012 एवं सीमा कुमारी, पिता श्री राम साव की 24 जून, 2012 सहित 18 बेटी की शादी उपरान्त बी०पी०एल० पारिवारिक सूची मे नाम दर्ज होने के बावजूद भी मुख्य मंत्री कन्या विवाह योजना की राशि का भुगतान नहीं किया गया है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार लाभार्थी को योजना का लाभ देने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उच्च विद्यालय खोलना

*225. श्री विनोद प्रसाद यादव—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत डोभी प्रखंड में प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय नहीं है, जिससे छात्राओं को काफी कठिनाई हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार डोभी प्रखंड मुख्यालय में प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भुगतान करना

*226. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बरौनी प्रखंड स्थित केशावे पंचायत वार्ड नं०–14 की कविता कुमारी पे० अर्जून महतो की 04 जनवरी, 2012 एवं मनीसा कुमारी पे० स्व० शिवालक सिंह वार्ड नं०–15 की 30 अगस्त, 2011 को सहित 35 लाभार्थी की शादी उपरान्त बी०पी०एल० पारिवारिक सूची में नाम दर्ज होने के बावजूद भी मुख्य मंत्री कन्या विवाह योजना का लाभ नहीं दी गई है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार लाभार्थी को शीघ्र भुगतान कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पारदर्शी करना

*227. श्री अवनीश कुमार सिंह—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि ऑगनबाड़ी केन्द्रों के सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी संचालन हेतु भारत सरकार के पत्रांक No.4-2/2004-ME(Vol.IV) दिनांक–28 March 2012 द्वारा सभी ऑगनबाड़ी केन्द्रों में Management Information System (MIS) के तहत 11 रजिस्टर 1–Family Details, 2-Supplementary Food Stock (new), 3- Supplementary Food Distribution 4-Non-Formal Pre-School Education, 5 Pregnancy and delivery, 6 - Immunization and Village health and Nutrition Day (new), 7 Vitamin-A Bi-Annual Ronds (new, 8-Home Visits Planner (new), 9 Referrals (new), 10 Summaries (Monthly and Annual) (new) 11-Weight Record of Children रखने का निर्देश दिया गया परन्तु आजतक राज्य के किसी भी ऑगनबाड़ी केन्द्र में उपर्युक्त रजिस्टर नहीं रखे गये हैं, जिसके कारण किसी भी ऑगनबाड़ी केन्द्र का संचालन पारदर्शी नही हो पा रहा है, यदि हां, तो ऑगनबाड़ी केन्द्रों द्वारा उपरोक्त निर्देश के उल्लंघन का क्या औचित्य है ?

---

कार्रवाई करना

*228. श्री (डॉ०) अरूण कुमार—क्या मंत्री, अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला में वर्ष 2011–12 में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को राशि उपलब्ध रहने के बावजूद भी अभीतक प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति नहीं दिया गया है, जबकि छात्रों का सत्र समाप्त हो चुका है, जिससे राज्य के बाहर पढ़ने वाले छात्र/छात्राओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कल्याण विभाग सहरसा में छात्र के द्वारा जमा आवेदन का कहीं संधारण नहीं किया गया है, जिससे छात्रवृत्ति स्वीकृति की प्रक्रिया में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच करवाकर दोषी कर्मचारी एवं पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्वीकृति देना

*229. श्री (डॉ०) अब्दुल गफूर—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग (उ०शि०), यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत महिषी प्रखंड में रहमानी उच्च विद्यालय भेलाही वर्ष 1981 में ही स्थापित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में पठन–पाठन सुचारू रुप से चलाया जा रहा है, तथा स्थापना स्वीकृत प्राप्त करने के सभी शर्त्तों को पूरा करता है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त उच्च विद्यालय का स्थापना स्वीकृति प्रदान करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

योजना का लाभ देना

*230. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के संग्रामपुर प्रखंडान्तर्गत जनवरी, 2011 से सी०डी०पी०ओ० का पद रिक्त रहने से इस विभाग द्वारा संचालित होनेवाली योजनाओं का लाभ आम लाभुकों तक नहीं पहुँच पाती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त प्रखंड में सी०डी०पी०ओ० का पोस्टिंग कर योजनाओं का लाभ आम लाभुकों तक पहुँचाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भुगतान शीघ्र करना

*231. श्री सुरेश चंचल—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पटना जिला के फुलवारीशरीफ प्रखंडन्तर्गत कार्यरत सहायक/पंचायत शिक्षकों की नियुक्ति प्रत्येक वर्ष बी०एल०ओ० के रूप में की जाती रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2008–09 से 2011–12 तक के लिए बी०एल०ओ० के लंबित मानदेय के भुगतान हेतु राशि मार्च, 2012 में उपलब्ध होने के बावजूद प्रखंड कार्यालय, फुलवारीशरीफ द्वारा अभी तक बी०एल०ओ० के मात्र वित्तीय वर्ष 2011–12 से संबंधित मानदेय का ही भुगतान किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में नियुक्त बी०एल०ओ० को वित्तीय वर्ष 2008–2009 से 2010–2011 तक के लंबित मानदेय का भुगतान शीघ्र करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नियुक्ति करना

*232. श्री अरूण कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, उत्पाद एवं मद्य–निषेध विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि उत्पाद एवं मद्य–निषेध विभाग में अधीक्षक, इंस्पेक्टर, सब–इंस्पेक्टर, ए०एस०आई० एवं सिपाही के क्रमशः 26,20,106,118 एवं 700 पद पिछले पाँच वर्षों से रिक्त हैं, यदि हां, तो क्या सरकार इन रिक्त पदों पर नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*233. श्रीमती (प्रो०) उषा सिन्हा—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के हिलसा प्रखंड अंतर्गत बाराबिगहा गाँव में उत्क्रमित मध्य विद्यालय बाराबिगहा के भवन का निर्माण 2006 में प्रारंभ हुआ था जो अभीतक पूरा नहीं हो सका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि एक भवन के अभाव में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को पठन–पाठन मे कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार भवन निर्माण में विलंब के लिए दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*234. श्री मनोहर प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग (प्रा०शि०), यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय,बलरामपुर से किसनपुर उ०वि० 6 कि०मी० गोपालपुर उ०वि० 7 कि०मी० दूर है, जिससे बच्चों को उच्च विद्यालय की शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई होती है, यदि हां, तो सरकार कबतक, उक्त विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

* 235. श्री पवन कुमार जायसवाल––क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन–जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत 27 प्रखंड है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सभी प्रखंडों में स्थायी रूप से रहने वाले महादलित परिवार का सर्वेक्षण आधारभूत संरचना हेतु अनुसूचित जाति एवं जन–जाति कल्याण विभाग द्वारा विगत वर्ष 2007–08 में ही कर ली गई है ;

(3) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा घोषित महादलितों के लिए सामुदायिक भवन–सह–वर्क शेड निर्माण योजना का कार्यान्वयन नहीं हो पा रहा है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सभी सर्वेक्षित गाँवों एवं बस्ती में घोषित आधारभूत संरचनाओं का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

आयोजित करना

* 236. श्री अवधेश कुमार राय––क्या मंत्री, शिक्षा विभाग (मा0शि0) यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि माध्यमिक परीक्षा में सातवें पत्र के रूप मे स्वीकृत विषयों का पाठ्यक्रम और पाठयपुस्तकें अभीतक उपलब्ध नहीं रहने के बावजूद भी सरकार द्वारा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सातवें पत्र की परीक्षा आयोजित करने का निदेश जारी किया गया है जिसे विज्ञप्ति के रूप में परीक्षा समिति ने प्रसारित भी किया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार द्वारा बगैर पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकें के सातवें पत्र की परीक्षा आयोजित करने का क्या औचित्य है ?

---

छात्रों का नियंत्रण

* 237. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह––क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा प्राथमिक शिक्षा के लिए वर्ष 2012 में बनाई गई नियमावली में विद्यालय के वर्ग में छात्रों के नियंत्रण का कोई प्रावधान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो इसका औचित्य क्या है ?

---

निर्माण करना

* 238. श्री जनक सिंह––क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने सारण जिला के इसुआपुर प्रखण्ड के अन्तर्गत श्री नन्दन गया उच्च विद्यालय, रामपुर अटौली एवं खोभारी साह उच्च विद्यालय, इसुआपुर सहित राज्य के 200 उच्च विद्यालय +2 में उत्क्रमित कर उसमें भवन निर्माण के लिए 2010–11 में प्रत्येक विद्यालय को 26 लाख रूपये का आवंटन दिया था, जिसे मार्च, 2011 में सरेंडर करा लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि चालू वर्ष में उक्त विद्यालयों में भवन निर्माण के लिए राशि आवंटित नहीं की गई है ;

(3) क्या यह बात सही है कि +2 विद्यालय भवन के अभाव में पढ़ाई नहीं हो रहा है ;

(4) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त +2 विद्यालयों का भवन निर्माण कार्य कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्टेडियम का निर्माण

* 239. श्री सतीश कुमार––क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के राघोपुर प्रखंडान्तर्गत एक भी इनडोर/आउडोर स्टेडियम नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार के निर्णयानुसार राज्य के सभी प्रखंडो में कम–से–कम एक स्टेडियम का निर्माण कराया जाना है ;

(3) क्या यह बात सही है कि कम्बल सिंह सम्बल सिंह उच्च विद्यालय, राघोपुर के पास 5 एकड़ जमीन उपलब्ध है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड के कम्बल सिंह सम्बल सिंह उच्च विद्यालय, राघोपुर के उपलब्ध जमीन पर स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

बस का परिचालन

* 240. श्री राजेश सिंह—क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत बाल्मीकिनगर बिहार का एक मात्र पर्यटन एवं जंगल को इकोटूरिज्म के लिए वर्ष 2012 से खोल दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2003 से बाल्मीकिनगर से पटना एवं हरनाटॉड से पटना तक के परिवहन विभाग की चार गाड़ियों का परिचालन बंद है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बाल्मीकिनगर से पटना एवं हरनाटॉड से पटना के लिए बस का परिचालन करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

* 241. श्री चन्द्रशेखर—हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 05 जुलाई, 2012 के अंक में प्रकाशित शीर्षक "स्वीकारी आंगनबाड़ी केन्दों की गड़बड़ियाँ" के आलोक में क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि आंगनबाड़ी केन्द्रों के समुचित संचालन नहीं होने की स्थिति में आंगनगाड़ी केन्द्रों के सेविका एवं सहायिकाओं को चयनमुक्त कर दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आज भी आँगनबाड़ी केन्द्रों का समुचित संचालन नहीं हो पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो केन्द्र संचालन में गड़बड़ी को रोकने हेतु सरकार कौन–सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

---

विद्यालय खोलना

* 242. श्री विनय कुमार सिंह—क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन–जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर अनुमंडलान्तर्गत एक भी अनुसूचित जाति उच्च विद्यालय नहीं है, यदि हाँ तो क्या सरकार सोनपुर अनुमंडलान्तर्गत आवासीय अनुसूचित जाति उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्टेडियम का निर्माण

* 243. श्री राजेश्वर राज—क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के संझौली प्रखंड में एक भी स्टेडियम नहीं रहने से बच्चों एवं खिलाड़ियों को काफी कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि के0के0 उच्च विद्यालय, संझौली के प्रांगण में 4 एकड 15डी0 जमीन उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के मैदान में स्टेडियम निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

राशि का वितरण

*244. श्री चन्द्रशेखर––हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र में दिनांक 05 जुलाई, 2012 के अंक में प्रकाशित शीर्षक "पंचायतों में शिविर लगाकर बांटी जाएँगी पेंशन" के आलोक में क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना को ज्यादा पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए इसे सभी पंचायतों में शिविर लगाकर बांटने का निर्णय लिया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार के निर्णय के बावजूद भी अभीतक मधेपुरा जिला में किसी भी पंचायत में शिविर नहीं लगाया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के सभी पंचायतों में शिविर लगाकर पेंशन बांटवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जाँच कराना

*245. श्री राम प्रवेश राय––क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि जनवरी–फरवरी, 2012 में 34,540 ट्रेन्ड शिक्षकों की बहाली की प्रक्रिया शुरू की गई थी, जो अभीतक अपूर्ण है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस बहाली प्रक्रिया में लगभग एक हजार फर्जी डिग्री वालों की भी बहाली कर ली गयी है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार फर्जी डिग्री की जाँच कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*246. श्री अरूण शंकर प्रसाद––क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखण्ड के मध्य विद्यालय, गौंस नगर एवं मध्य विद्यालय, महथौर में क्रमशः 750 एवं 700 छात्र नामांकित हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालयों के पाँच कि०मी० की परिधि में उच्च विद्यालय अवस्थित नहीं है, जिस कारण माध्यमिक शिक्षा ग्रहण करने में छात्रों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक मध्य विद्यालय गौस नगर एवं मध्य विद्यालय, महथौर को उच्च वियालय के उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पठन–पाठन प्रारंभ कराना

*247. श्री (मो०) आफाक आलम––क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड के रूसावाड़ी मध्य विद्यालय को वर्ष 2010–11 में सरकार द्वारा उच्च विद्यालय में उत्क्रमित कर वर्ग 10 तक पठन–पाठन शुरू करने का निर्णय लिया गया है, लेकिन

आजतक उक्त निर्णय का कार्यान्वयन नहीं हुआ है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त विद्यालय में वर्ग 10 तक पठन–पाठन प्रारंभ कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रभार देना

*248. श्रीमती मुन्नी देवी—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखण्ड शाहपुर के मध्य विद्यालय, धमवल के प्रधानाध्यापक श्री ब्रजेश तिवारी को वर्ष 2011–12 में अतिरिक्त वर्ग कक्ष के निर्माण हेतु प्राप्त राशि का दुरूपयोग करने के मामले में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, भोजपुर एवं प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, शाहपुर के संयुक्त जाँच में दोषी पाए जाने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, भोजपुर के ज्ञापांक 3243, दिनांक 10 मई, 2012 द्वारा तात्कालिक प्रभार से निलंबित किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी, भोजपुर के पत्रांक 6329, दिनांक 08 नवम्बर, 2012 द्वारा इन्हें विभागीय कार्रवाई के अधीन रखते हुए निलंबन से मुक्त कर पुनः इसी विद्यालय का प्रभार दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो दोषी पाए जाने के बावजूद निलंबन मुक्त कर विभागीय कार्रवाई के अधीन रखते हुए इन्हें पुनः मध्य विद्यालय धमवल का प्रभार देने का क्या औचित्य है ?

---

महाविद्यालय खोलना

*249. श्रीमती नीता चौधरी—क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के तारापुर प्रखंडन्तर्गत महिला महाविद्यालय नहीं है, जिसके कारण छात्राओं को स्नातक शिक्षा हेतु गाँव से दूर जाना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि तारापुर प्रखंड के शांतिनगर गाँव में उच्च विद्यालय के लिए 10 विगहा जमीन महामहिम राज्यपाल के नाम से 25 वर्ष पूर्व से दिया हुआ है, जिसमें मात्र एक एकड़ में उच्च विद्यालय निर्मित है और शेष जमीन खाली पड़ा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शांति नगर में महामहिम राज्यपाल के नाम से ही गयी शेष जमीन पर महिला महाविद्यालय के निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*250. श्री राजेश्वर राज—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत उच्च विद्यालय, विक्रमगंज में प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों द्वारा बरती गई वित्तीय तथा प्रशासनिक अनियमितता के संबंध में जिला शिक्षा पदा०, रोहतास ने अपने पत्रांक 08/गो०, दिनांक 11 मई, 2008, 412, दिनांक 20 अप्रील, 2010, 605, दिनांक 09 जून, 2010, 98, दिनांक 18 जनवरी, 2011 तथा शिक्षा उप–निदेशक, पटना प्रमंडल, पटना ने अपने 295, दिनांक 17 जुलाई, 2008 एवं उप–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा का पत्रांक 5439, दिनांक 11 जुलाई, 2008 द्वारा कार्रवाई हेतु निदेशक, माध्यमिक शिक्षा बिहार, पटना को भेजा गया है, परन्तु आजतक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई

हैं, यदि हां, तो क्या सरकार वर्णित पत्रों पर कार्रवाई करते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सुविधा मुहैया कराना

*251. श्रीमती लेशी सिंह——क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि——

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के कृत्यानन्द नगर प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय गोआसी को वर्ष 2011 में उत्क्रमित कर हाई स्कूल का दर्जा दिया गया है, लेकिन भवन निर्माण, शिक्षक तथा अन्य सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण पठन–पाठन में असुविधा हो रही है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार हाई स्कूल गोआसी में भवन निर्माण, शिक्षक की उपलब्धता समेत अन्य बुनियादी सुविधा मुहैया कराने का विचार रखती है ?

---

अनुपालन कराना

*252. श्री गजानन्द शाही——क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा वर्ष 1995 में जारी परिपत्र में गाड़ियों में जोर एवं तेज से हॉन बजाने पर रोक है, लेकिन पूरे राज्य में इसका अनुपालन नहीं हो रहा है, यदि हां, तो इसका अनुपालन नहीं किये जाने का क्या औचित्य है ?

---

विद्यालय खोलना

*253. श्री छेदी पासवान——क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि——

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत प्रखंड कुदरा के पंचायत पचपोखरी के बगड़ा गाँव में प्राथमिक विद्यालय नहीं हैं, जबकि उक्त गाँव की आबादी एक हजार है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गाँव में प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

लक्ष्मीकान्त झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान–सभा ।

पटना :
दिनांक 04 दिसम्बर, 2012 (ई०) ।

बे०स०मु० (एल०ए०) 155 डी०टी०पी०–450

विकसित करना

'क' * 27. <u>श्री अशोक कुमार</u> - क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के शिवाजीनगर प्रखंड के करियन ग्राम में दसवीं सदी के महान दार्शनिक, नैयायिक, उद्‌भट विद्वान आचार्य उदयन का जन्म हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि यहाँ माता काली जी की अति प्राचीन एवं प्रसिद्ध मूर्ति है तथा साठ वर्ष पूर्व पुरातत्व विभाग द्वारा इस स्थल की खुदाई के दौरान अति पुराने, उसी समय के काफी अवशेष मिले थे ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उदयनाचार्य के डीह के साथ माता काली जी के मन्दिर का संरक्षण, संवर्धन कराते हुए इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

*** नोट - 'क' - दिनांक 30.11.2012 को कला, संस्कृति एवं युवा विभाग में सदन द्वारा स्थानान्तरित ।**

---

**लक्ष्मीकान्त झा**

पटना
दिनांक-04 दिसम्बर, 2012 (ई०)

प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा ।

-----